समारोह
सीएआईटी विमेंस विंग के शपथ ग्रहण समारोह में आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण पर जोर

# महिलाओं की नेतृत्व क्षमता देश की सबसे बड़ी ताकत : सांसद

**नवभारत, जबलपुर।** महिलाओं में स्वाभाविक रूप से नेतृत्व, प्रबंधन और नवाचार की अद्भुत क्षमता होती है। उन्हें उचित अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे व्यापार और उद्योग जगत में नई ऊंचाइयां स्थापित कर देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकती हैं। यह बात सांसद आशीष दुबे ने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) विमेंस विंग के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं की आर्थिक भागीदारी जितनी मजबूत होगी, देश उतनी ही तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा।

### महिला केवल परिवार की जिम्मेदारियां निभाने तक सीमित नहीं है : पाटिल

समारोह की मुख्य अतिथि सीएआईटी विमेंस विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता पाटिल ने नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाते हुए कहा की आज की महिला केवल परिवार की जिम्मेदारियां निभाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। उन्होंने महिला उद्यमियों से डिजिटल तकनीक अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और नए रोजगार के अवसर सृजित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सीएआईटी विमेंस विंग महिलाओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और नेतृत्व का सशक्त मंच उपलब्ध




करा रही है।

### महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

समारोह में उपस्थित रहे विधायक अभिलाष पांडे ने मातृशक्ति का वंदन करते हुए कहा की महिलाओं का सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इस मौके पर उपस्थित रही भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं , जिनका लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचना चाहिए।

### महिला उद्यमियों को बेहतर अवसर मिलेंगे


फेडरेशन अध्यक्ष हिमांशु खरे ने महिला उद्यमियों के उत्पादों के विपणन के लिए शहर में स्थायी प्रदर्शन एवं बिक्री केंद्र विकसित किए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा की इससे स्थानीय महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के बेहतर विपणन और व्यवसाय विस्तार का अवसर मिलेगा। समारोह में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन सहित उद्योग, व्यापार और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान महिला उद्यमिता, स्वरोजगार, व्यापार विस्तार और संगठन को सशक्त बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन पूनम चौहान ने किया।

# नंदलालभाई का गुजराती समाज ने किया अभिनंदन

▸ संस्कार, संस्कृति और संयुक्त परिवार के प्रतीक है नेगांधी

**नवभारत, जबलपुर।** हाल ही में स्व.दादा ईश्वरदास रोहाणी स्मृति गौरव शिखर सम्मान के अंतर्गत संस्कार गौरव शिखर सम्मान से मुख्यमंत्री के हाथों नवाज़े गए गुजराती समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित सदस्य नंदलालभाई मोहनलाल नेगांधी की इस उपलब्धि पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों की संस्था नवजीवन मंडल, गुजराती मंडल द्वारा गत दिवस वल्लभभाई पटेल भवन, मढ़ाताल में आयोजित अपनी मासिक बैठक के दौरान समाज के गौरव पुत्र नंदलालभाई नेगांधी का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य अभिनंदन एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा की 94 वर्षीय नंदलालभाई नेगांधी का जीवन भारतीय पारिवारिक मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक समरसता का प्रेरक उदाहरण है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



संस्थापक अध्यक्ष हंसाबेन शाह ने कहा की नंदलालभाई नेगांधी ने अपने संस्कार ,कर्म और सामाजिक मूल्यों से पूरे गुजराती समाज का गौरव बढ़ाया है।उनका सम्मान हम सभी के लिए गर्व का विषय है और उनका जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं समारोह मे उपस्थित रहीं उपाध्यक्ष चित्राबेन कोडियार ने कहा नंदलालभाई नेगांधी ने परिवार, समाज और व्यवसाय—तीनों क्षेत्रों में आदर्श स्थापित किए हैं। उनका सम्मान वास्तव में समाज के संस्कारों और मूल्यों का सम्मान है।

### समाज की अनमोल धरोहर है नेगांधी

इस मौके पर सचिव कल्पनाबेन रघुवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की नंदलालभाई नेगांधी जैसे व्यक्तित्व किसी भी समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं।उनकी उपलब्धि पूरे गुजराती समाज के लिए गर्व का विषय है और हम सभी उनके दीर्घ, स्वस्थ एवं प्रेरणादायी जीवन की मंगल कामना करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित समाजबंधुओं ने मुख्यमंत्री द्वारा मिले इस सम्मान को पूरे गुजराती समाज का सम्मान बताते हुए कहा की नंदलालभाई का जीवन सेवा, संस्कार, पारिवारिक एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणादायी मिसाल है।

## एक नजर में



### डॉ. राखी वैश्य ने संभाला कुलसचिव का पदभार

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलसचिव डॉ. राखी वैश्य का विधिवत रूप से अपने पद का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत आज विश्वविद्यालय में कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा द्वारा स्वागत किया गया। नव नियुक्त कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अनुसंधान कार्यों को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए सभी के सहयोग से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति एवं विद्यार्थियों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी और इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस स्वागत कार्यक्रम में निदेशक अनुसंधान डॉ. आर.के. शर्मा, निदेशक शिक्षण डॉ. मधु स्वामी, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. महाजन, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. जी. दास, डॉ. एस. घोष, डॉ. बी. रॉय, डॉ. पूनम शाक्य, डॉ. गर्ग, डॉ. सोना दुबे, निधि भलावी, डॉ. रामकिंकर मिश्रा आदि उपस्थित रहे और सभी ने उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### कोषालय में 16 व 17 को लगेगा शिविर

**नवभारत,जबलपुर।** आईएफएमआईएस से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए 16 एवं 17 जुलाई को जिला कोषालय जबलपुर में आईएफएमआईएस केयर थीम के अंतर्गत विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। जिला कोषालय अधिकारी साकेत जैन ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के उपयोग में आने वाली समस्याओं की जानकारी निर्धारित प्रारूप में 15 जुलाई तक जिला कोषालय को प्रेषित करने का आग्रह किया।

# काव्यधारा के सम्मेलन में 6 प्रांतों के साहित्यकार हुए शामिल



**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था काव्यधारा हैदराबाद के तत्वावधान में होटल समदड़िया इन में राष्ट्रीय स्तर पर साहित्यकार सम्मेलन का द्वि-दिवसीय आयोजन किया गया, जिसमें 6 प्रांतों के साहित्यकारों ने भाग लिया। इस महत्वपूर्ण समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हरिशंकर दुबे रहे, जिन्होंने कविता को करुणा से उपजा हुआ बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैदराबाद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सत्य प्रसन्न ने वर्तमान साहित्य को समाज चेतना का प्रतीक घोषित किया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान काव्यधारा के संग्रह 'खुशबू एक सुखन' तथा 'मानसी' एवं हैदराबाद की कवयित्री मनोरमा शर्मा की काव्य कृति का भव्य विमोचन किया गया। इसके अगले चरण में विभिन्न कवियों द्वारा बेहतरीन रचनाओं की प्रस्तुति के साथ एक भव्य काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। इसके साथ ही दूसरे दिन साहित्यकारों ने शहर के प्रमुख प्राकृतिक स्थलों का दर्शन करते हुए संस्कृति पर गहरा विमर्श किया। इस पूरे गरिमामय आयोजन के दौरान डॉ. तनुजा चौधरी, डॉ. सुनीता, डॉ. अलका शर्मा, डॉ. अनिल कोरी एवं डॉ. वीरेंद्र दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संभाला पदभार




**नवभारत, जबलपुर।** नेपियर टाउन स्थित होटल कृष्णा में रविवार को रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी के 26वें पदस्थापना समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में रोटरी वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इसमें निवर्तमान अध्यक्ष रोटे अरुण गुप्ता, सचिव अभिषेक अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष रोटे अनिल अग्रवाल ने नए पदाधिकारियों को क्लब की कमान सौंपी। रोटे मनीष बजाज ने अध्यक्ष पद का दायित्व स्वीकार किया, जबकि रोटे सचिन जैन ने सचिव तथा रोटे सुनील जसवानी ने कोषाध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेदारी संभाली। यह नया कार्यकाल पूर्ण रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सेवा के लिए समर्पित रहेगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आगामी प्रांतपाल भानु प्रताप चौधरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में राजपाल बजाज शामिल हुए।

### वंचित वर्गों के लिए बढ़ेंगे सेवा कार्य

पदभार ग्रहण के पश्चात अपने संबोधन में अतिथियों ने रोटरी के आदर्श वाक्य 'सर्विस अबव सेल्फ' को अपनाते हुए वंचित वर्गों के लिए सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। नवनियुक्त अध्यक्ष रोटे मनीष बजाज ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टीम ओजस्वी के सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, जल संरक्षण, रक्तदान तथा सामुदायिक विकास के सेवा प्रकल्प संचालित किए जाएँगे। इस पूरे कार्यक्रम की जानकारी रोटरी पब्लिक इमेज के चेयरमैन रोटे नितिन जैन द्वारा प्रदान की गई तथा मंच का संचालन रोटे तल्लीन सिंह बावा एवं पूजा जसवानी द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व प्रांतपाल डॉ. निखलेश त्रिवेदी, पूर्व प्रांतपाल सुनील फाटक, असिस्टेंट गवर्नर रोटे शिखा पोराणिक और सिटी को-ऑर्डिनेटर रोटे अमित जैन की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# लियोनार्ड इंटरैक्ट इको क्लब के छात्रों ने किया पौधरोपण



**नवभारत, जबलपुर।** इंटरैक्ट इको क्लब, लियोनार्ड स्कूल द्वारा बरहा गाँव के कृषि क्षेत्रों में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों ने हरे-भरे पौधे लगाए। क्लब के छात्रों के एक समूह ने व्यापारिक और फल देने वाले पौधे लगाने के लिए इस इलाके का दौरा किया। पर्यावरण को सुंदर बनाने और आसपास के प्राकृतिक माहौल को बेहतर करने के विचार से यह कदम उठाया गया। इस मौके पर क्लब के सदस्यों द्वारा कई उपयोगी और फलदार पौधे लगाए गए, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्राचार्य एल. जी. लोबो ने पौधे लगाने के महत्व को समझाते हुए पेड़ों की कटाई, प्रदूषण और बढ़ते तापमान के नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने वहां मौजूद सदस्यों से कहा कि वे आसपास की कॉलोनियों में न केवल पौधे लगाएं बल्कि उनकी देखभाल भी करें।

### जन्मदिन और खास मौकों पर लगाएं पौधे

छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए प्राचार्य ने आगे कहा कि जन्मदिन और अन्य त्योहारों के खास मौकों पर बच्चों और उनके रिश्तेदारों द्वारा पौधरोपण किया जा सकता है। इस दौरान वहां उपस्थित सभी सदस्यों ने गड्ढे खोदने, खाद मिलाने और पौधे रोपने में पूरी दिलचस्पी दिखाई। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों द्वारा बांस, पपीते, अशोक, युकलिप्टस एवं फलदार पौधे लगाए गए। इस दौरान भाग लेने वाले छात्रों में जिया, वंशिका, सिद्धि, ममता, काव्या, लवली, दीप्ति, यशवंत, रामजी, यशराज, रजत, सचिन, संजीव के साथ क्लब प्रभारी पूजा और मोहसिन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, जबलपुर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला जबलपुर द्वारा 13 जुलाई को जबलपुर सांसद आशीष दुबे को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पदाधिकारियों ने आगामी संसद सत्र में अध्यादेश लाकर देश के सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) की अनिवार्यता से मुक्त करने का विशेष आग्रह किया। मोर्चा के सदस्यों ने मांग की कि इस परीक्षा से छूट दिलाने के लिए सदन में प्रमुखता से मुद्दा उठाया जाए ताकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा अध्यादेश लाकर टेट परीक्षा की इस बाध्यता को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। इस



मांग को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उमाशंकर पटेल, जगत पटेल, अजय रजक, मुकेश सोनकर, संतोष पटेल, उमेश सुमन, संतोष ठाकुर, विशम्भर गर्ग, पंकज मणि झारिया, विवेक जैन एवं सुधीर जैन सहित अनेक सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# एलायंस क्लब ने सरस्वती शिशु मंदिर में बांटी कॉपियां




**नवभारत, जबलपुर।** जय नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में समाज सेवा की भावना के साथ एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में एलायंस क्लब की तरफ से स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए कॉपियाँ बांटी गईं। इस दौरान मुख्य अतिथि जबलपुर प्रांत के विभाग समन्वयक कमलेश अग्रहरी रहे, जिनका स्कूल परिवार ने आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर कमलेश अग्रहरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा का महत्व समझाया और उन्हें जीवन में हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एलायंस क्लब के अध्यक्ष उमेश गडेवाल, आलोक, मनीष खरे, कमल चौरसिया, आरती गुप्ता, शुभी गडेवाल, रंजना गुप्ता और दीपक अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एनसीसी ऑल इंडिया नौ सैनिक कैंप में मप्र एवं छग अव्वल



**नवभारत, जबलपुर।** एनसीसी के मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय ने महाराष्ट्र के लोणावला स्थित आईएनएस शिवाजी में आयोजित ऑल इंडिया नौ सैनिक कैंप (एआईएनएससी)-2026 में ओवरऑल चैम्पियन का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। प्रतिष्ठित वार्षिक राष्ट्रीय शिविर में एनसीसी नौसेना विंग के कैडेटों के मध्य निदेशालय की यह पहली ओवरऑल चैम्पियनशिप है। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व 36 सदस्यीय दल ने किया, जिसमें जबलपुर, भोपाल, रायपुर एवं ग्वालियर एनसीसी ग्रुपों के कैडेट शामिल थे। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व दल ने एनसीसी मुख्यालय, जबलपुर में गहन पूर्व-शिविर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस शिविर में देशभर के 17 एनसीसी निदेशालयों ने भाग लिया, जिससे यह एनसीसी नौसेना विंग के कैडेटों के लिए राष्ट्रीय स्तर के सबसे प्रतिष्ठित प्रशिक्षण मंचों में से एक बन गया।

### कैडेटों ने जीती ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी

10 दिवसीय शिविर के दौरान मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ दल ने सभी 9 प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी, बोट पुलिंग कॉक ट्रॉफी तथा ऑन-द-स्पॉट एग्जामिनेशन ट्रॉफी अपने नाम की। इन प्रतियोगिताओं में शिप मॉडलिंग, बोट पुलिंग, ड्रिल, फायरिंग, बोट रिगिंग, सेमाफोर, सीमैनशिप प्रैक्टिकल, सर्विस सब्जेक्ट्स तथा हेल्थ एंड हाइजीन शामिल थे। यह ऐतिहासिक उपलब्धि कैडेटों की समर्पण भावना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ निदेशालय के अधिकारियों तथा प्रशिक्षण स्टाफ द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन का प्रतिफल है। समापन समारोह के दौरान विजेता दल को ट्रॉफियां एवं व्यक्तिगत पदक एनसीसी निदेशालय महाराष्ट्र के एडीजी द्वारा प्रदान किए गए।

बैठक
रथ यात्रा को भव्य बनाने के लिए सभी सदस्यों ने बैठक में अपने विचार और सुझाव रखे

# थाना कोतवाली में जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** भगवान जगन्नाथ स्वामी की 16 जुलाई को निकलने वाली रथ यात्रा को लेकर सभी मंदिरों और समितियों की एक महत्वपूर्ण बैठक थाना कोतवाली में सोमवार को आयोजित की गई। रथ यात्रा संयोजक एवं सर्वधर्म समन्वयक शरद काबरा ने बताया कि इस वर्ष भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए 16 जुलाई को दोपहर 4 बजे निकाली जाएगी। परंपरा के अनुसार नगर के सभी मंदिरों से भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा एवं बलदाऊ भैया के साथ अपने-अपने रथों में विराजमान होकर भक्तों पर कृपा करने के लिए बड़े फुहारा पर एकत्र होंगे।

### संतों के नेतृत्व में होगी महाआरती

सभी रथ बड़े फुहारा पर एकत्र होने



के बाद संत-महात्माओं के नेतृत्व में झाड़ू से यात्रा मार्ग को बुहारा जाएगा और इसके पश्चात महाआरती होगी। इसके बाद यह सामूहिक रथ यात्रा बड़े फुहारा से आरंभ होकर कमानिया गेट, सराफा चौक और सिटी कोतवाली होते हुए मिलोनीगंज चौराहे से अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना होगी। इस बात की विशेष जानकारी सुधीर अग्रवाल द्वारा प्रदान की गई।

### बैठक में विभिन्न प्रतिनिधि रहे उपस्थित

इस बैठक में जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक, जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट धमंडी चौक, जगन्नाथ स्वामी मंदिर हनुमान ताल, जगन्नाथ स्वामी मंदिर सूज़ी मोहल्ला, बिट्ठल रघुमाई मंदिर हनुमान ताल और बलभद्र जगन्नाथ युवा मंडल सुभाष टाकीज आदि मंदिरों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर एड. ज्ञानेंद्र सिंह, मुकेश साहू, श्रीकांत साहू, राजेश, हरीश साहू, लीलाबाई चौरसिया, राजेंद्र सराफ, मोहित तिवारी, सुभाष अग्रवाल, अक्षय सोनी, पं. अंकित मिश्रा, प्रीति चौरसिया, तनुज चौरसिया, अमित सराफ, अभिषेक सराफ, मनमोहन दुबे, एडिशनल एसपी आयुष जाखड़, एसडीएम पंकज मिश्रा, सीएसपी कोतवाली रितेश शिव, डीएसपी ट्रैफिक संतोष शुक्ला, नगर निगम एडिशनल कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव, टीआई नवल आर्या और सुभाष बघेल सहित विद्युत एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने दिया समुचित व्यवस्था का आश्वासन

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने रथ यात्रा को भव्य बनाने के लिए अपने-अपने विचार व सुझाव रखे। इसके उपरांत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा रास्ते में आने वाले अतिक्रमण को हटाने एवं बिजली-पानी सहित अन्य सभी समुचित व्यवस्था करने का पूर्ण आश्वासन दिया गया। इस महत्वपूर्ण सभा का संचालन जगन्नाथ रथ यात्रा समितियों के संयोजक शरद काबरा द्वारा किया गया।

# विट्ठल रखुमाई नाम स्मरण से गूंजा गुलौआ गढ़ा क्षेत्र

**नवभारत, जबलपुर।** प्राचीन खेरमाई दुर्गा मंदिर, गुलौआ चौक में विठ्ठल वारी यात्रा की 18 दिवसीय चक्रीय आरती का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान संजीवनी नगर और गुलौआ गढ़ा क्षेत्र के मराठी भाषी श्रद्धालुओं ने एकत्र होकर हरिनाम संकीर्तन किया। इस दौरान जनसमूह द्वारा भगवान विठ्ठल रखुमाई का नाम स्मरण करते हुए पंच आरती की गई और सामूहिक रूप से नर्मदा अष्टक का पाठ किया गया। आषाढी कार्तिकी वारी महामंडल द्वारा प्रतिवर्ष देवशयनी एकादशी पर पंढरपुर, महाराष्ट्र की तर्ज पर इस विठ्ठल वारी सामाजिक समरसता यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह भव्य यात्रा 25 जुलाई को शाम 4 बजे दत्त मंदिर गोलबाजार से प्रारंभ होकर विठ्ठल रखुमाई मंदिर राजा रसगुल्ला गली तक जाएगी।



### श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक हरिनाम संकीर्तन

इसी श्रृंखला में आगामी 14 जुलाई को शाम 6 बजे विवेकानंद वार्ड के प्रभात कॉलोनी गार्डन से अगली वारी यात्रा शुरू होगी। यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए राज किराना के पास गजानन मंदिर यादव कालोनी में समाप्त होगी, जिसमें शामिल होने के लिए आयोजकों ने सभी विठ्ठल भक्तों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है। इस पूरे धार्मिक अनुष्ठान और विठ्ठल चक्रीय आरती में स्वाति सदानंद गोडबोले, जया पांगे, रंजना भास्कर वर्तक, संतोष गोडबोले, विवेक मैराल, जयू सप्रे, शरद आठले, राजेश तोपखाने वाले, हेमंत पोहरकर, विध्येश भापकर एवं विनय मैराल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।